# DISTRICT YOUTH PARLIAMENT PROGRAMME - JAN 2019

**<u>DISTRICT YOUTH PARLIAMENT REGISTRATION</u>**







BE THE VOICE OF NEW INDIA
FIND SOLUTIONS & CONTRIBUTE TO POLICY
Prime Minister
Narendra Modi's
clarion call for youth-led development
District Youth Parliament - on 28 January 2019
(Balrampur - Surajpur)
Government College Balrampur
Registration from 12 January to 19 January 2019
- in and Digital Screening from 17 January to 20 January 2019
National Youth Parliament Festival 2019
Be heard. Make a difference.


BE THE VOICE OF NEW INDIA
FIND SOLUTIONS & CONTRIBUTE TO POLICY
Prime Minister
Narendra Modi's
clarion call for youth-led development
District Youth Parliament - on 28 January 2019
(Balrampur - Surajpur)
Government College Balrampur
Registration from 12 January to 19 January 2019
Walk - in and Digital Screening from 17 January to 20 January 2019
National Youth Parliament Festival 2019
Be heard. Make a difference.



# जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन 28 को

**बलरामपुर। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी को किया जाना है। प्राचार्य प्रो.एनके देवांगन ने बताया कि संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान कराने एवं अपने आस-पास की समस्याओं, शासन की योजनाओं की सार्थकता को व्यक्त करने के लिए युवाओं को युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होने प्रेरित किया जाना है।

जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के लिए बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं गैर संस्थागत युवाओं का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू एवं डिजिटल प्रक्रिया द्वारा किया जा चुका है। चयनित युवाओं को 28 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्रात: 11:00 बजे उपस्थित होने कहा गया है। कार्यक्रम में आतंकवाद पर भारत द्वारा स्थापित वैश्विक दृष्टिकोण, आर्थिक अपराधियों पर भारत द्वारा स्थापित वैश्विक मानदण्ड, जलवायु परिवर्तन पर भारत द्वारा स्थापित वैश्विक दृष्टिकोण, खेलो इंडिया-उभरते खिलाड़ियों के लिए एक अवसर, भारतीय खिलाड़ियों के लिए पहचान बनाने हेतु सर्वोत्तम समय विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उपरोक्त विषयों पर अपने विचार एवं तथ्यों को जिला युवा संसद कार्यक्रम में प्रस्तुत करना है। इसकी अवधि 2 से 3 मिनट की होगी। उनका मूल्यांकन निर्धारित ज्यूरी के 05 सदस्यों द्वारा किया जाएगा। निर्णायक समिति द्वारा राज्य युवा संसद के लिए वक्ताओं के चयन हेतु मूल्यांकन मानदण्ड निर्धारित किया गया है। राज्य युवा संसद का आयोजन 5 से 7 फरवरी को राज्य स्तर पर किया जाएगा।

# DISTRICT YOUTH PARLIAMENT


राष्ट्रीय सेवा योजना
जिला युवा संसद
(बलरामपुर - सूरजपुर)
दिनांक 28 जनवरी 2019, सोमवार
आयोजक शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर (छ.ग.)


जिला युवा संसद


जिला युवा संसद
(बलरामपुर - सूरजपुर)
28 जनवरी 2019, सोमवार


जिला युवा संसद
Youth Parliament
(बलरामपुर - सूरजपुर)
दिनांक : 28 जनवरी 2019, सोमवार
आयोजक : शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर


राष्ट्रीय सेवा योजना
जिला युवा संसद


दर्शक
दीर्घा


जिला युवा संसद


युवा संसद


राष्ट्रीय सेवा योजना
जिला युवा संसद
Youth Parliament
(बलरामपुर - सूरजपुर)
दिनांक : 28 जनवरी 2019, सोमवार
आयोजक : शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर (छ.ग.)
BE THE VOICE OF NEW INDIA
Government College Balrampur

# बलरामपुर कॉलेज में जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

**बलरामपुर । नईदुनिया न्यूज**

ासकीय महाविद्यालय में जिला ुवा संसद का आयोजन किया गया। मारोह में मुख्य अतिथि जिपं सीईओ शिव अनंत तायल एवं विशिष्ट अतिथि सडीएम रामानुजगंज दुर्गेश वर्मा की पस्थिति हुआ।

मुख्य अतिथि शिव अनंत तायल । छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि तिभाओं को उभारने का यह अच्छा ौका है। संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान एवं अपने पक्षीय एवं विपक्षीय साथियों के विचारों को धैर्यपूर्वक सुनने एवं अनुशासन में रहकर समाधान करने की ीख मिलती है। कार्यक्रम में एसडीएम ामानुजगंज दुर्गेश वर्मा ने प्रतिभागियों ो बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के लिए यह कार्यक्रम एक सुनहरा अवसर है, जिससे अपने विचारों को प्रकट कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य नके देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को ुभकामनाएं देते कहा कि कार्यक्रम में तिभागी अनुशासन में रहकर निर्धारित विषयों पर अपने विचारों को प्रकट किया। न्होंने कहा कि युवा वर्ग 2022 में भारत



विजेताओं को दिया गया प्रमाण पत्र। फोटो: नईदुनिया

अपने नजरिए और अपनी सोच को युवा संसद उत्सव के माध्यम से व्यक्त करने की बात की। उन्होंने कहा कि युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना एवं अन्य व्यक्तियों के विचारों के प्रति सम्मान और सहिष्णुता का भाव विकसित करना ही युवा संसद का उद्देश्य है।

युवा संसद में आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खेलो इंडिया एवं आर्थिक अपराधियों पर सरकार की नीतियों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन पांच ज्यूरी सदस्यों द्वारा वाक दक्षता, विचारों की स्पष्टता, विषय का ज्ञान एवं आचरण के आधार पर किया गया। ज्यूरी सदस्य शंकरगढ़ के प्राध्यापक डॉ. पुनीत राय, सनातन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमंतपाल डॉ. उमेश पाण्डेय, रामचंद्रपुर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पीयुष कुमार टाण्डे, बलरामपुर के अधिवक्ता श्याम बिहारी पाठक ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 64 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें पांच सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का चयन निर्धारित मापदंड के अनुसार किया गया। प्रतियोगिता में बलरामपुर की प्रतिभागी शेबानुर प्रथम, सूरजपुर कॉलेज की रेशमा सिद्दीकी द्वितीय, बलरामपुर कॉलेज के सुरेश कुमार सरकार एवं महेंद्र कुमार रजक क्रमश: तीसरे एवं चौथे स्थान पर व कॉलेज के छात्र कमलेश कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। पांचों प्रतिभागियों को

## प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# युवा संसद प्रतिभा को उभारने का बेहतर मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिव अनंत तायल एवं विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिपं सीईओ श्री तायल ने कहा कि अपनी प्रतिभाओं को उभारने का यह अच्छा मौका है। संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान एवं अपने पक्षीय एवं विपक्षीय साथियों के विचारों को धैर्यपूर्वक सुनने एवं अनुशासन में रहकर समाधान करने की सीख मिलती है। कार्यक्रम में एसडीएम दुर्गेश वर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई

**खास बात**

- बलरामपुर व सूरजपुर कॉलेज के 64 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागी।

है, जिसके माध्यम से अपने विचारों को प्रकट कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य एनके देवांगन ने कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभागी अनुशासन में रहकर निर्धारित विषयों पर अपने विचारों को प्रकट किया। युवा वर्ष 2022 में भारत को किस प्रकार देखना चाहते हैं, इस पर अपने नजरिये और अपनी सोच को युवा संसद उत्सव के माध्यम से व्यक्त करने

का विकास करना एवं अन्य व्यक्तियों के विचारों के प्रति सम्मान और सहिष्णुता का भाव विकसित करना ही युवा संसद का उद्देश्य है।

जिला युवा संसद के नोडल अधिकारी रमेश पटेल ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला युवा संसद कार्यक्रम के जरिए अपने

सुनहरा मौका प्रदान किया गया है। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खेलो इंडिया एवं आर्थिक अपराधियों पर सरकार की नीतियों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन 5 ज्यूरी सदस्यों द्वारा वाक् दक्षता, विचारों की स्पष्टता, विषय का ज्ञान एवं आचरण के आधार पर किया गया। ज्यूरी सदस्य शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ के प्राध्यापक डॉ. पुनीत कुमार राय,

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राध्यापक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय, शासकीय महाविद्यालय रामचन्द्रपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष कुमार टण्डे, बलरामपुर के अधिवक्ता श्याम बिहारी पाठक के द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 64 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 5 सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का चयन निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर की प्रतिभागी शेबानूर प्रथम, रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर की रेशमा सिद्दीकी द्वितीय, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के सुरेश कुमार सरकार एवं महेन्द्र कुमार रजक क्रमशः तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे। शासकीय महाविद्यालय रामानुजगंज के छात्र कमलेश कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। पांचों प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण,

# बलरामपुर महा. में जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

■ नवभारत ब्यूरो। बलरामपुर.




शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में जिला युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिव अनंत तायल एवं विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज दुर्गेश वर्मा की उपस्थिति सम्पन्न हुआ.

कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि शिव अनंत तायल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभाओं को उभारने का यह अच्छा मौका है. संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान एवं अपने पक्षीय एवं विपक्षीय साथियों के विचारों को धैर्यपूर्वक सुनने एवं अनुशासन में रहकर समाधान करने की सीख मिलती है.

कार्यक्रम में एसडीएम रामानुजगंज दुर्गेश वर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के लिए यह कार्यक्रम एक सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से अपने विचारों को प्रकट कर सकते हैं. महाविद्यालय के प्राचार्य एन. के. देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभागी अनुशासन में रहकर निर्धारित विषयों पर अपने विचारों को प्रकट किया. उन्होंने कहा कि युवा वर्ग 2022 में भारत को किस प्रकार देखना चाहते है, इस पर अपने नजरिये और अपनी सोच को युवा संसद उत्सव के माध्यम से व्यक्त करने की बात की. उन्होंने कहा कि युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना एवं अन्य व्यक्तियों के विचारों के प्रति सम्मान और सहिष्णुता का भाव विकसित करना ही युवा संसद का उद्देश्य है.

प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर की प्रतिभागी शेबानूर प्रथम, रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर की रेशमा सिद्दीकी द्वितीय, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के सुरेश कुमार सरकार एवं महेन्द्र कुमार रजक क्रमशः तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे. शासकीय महाविद्यालय रामानुजगंज के छात्र कमलेश कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया.

पांचों प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्यालयीन कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.